प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.05.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने तुर्की से सेब आयात पर प्रतिबंध लगाने की केंद्र सरकार से मांग की है। उन्होंने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भी लिखेंगे और 24 मई को दिल्ली में उनसे मुलाकात कर इस विषय को उठाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि तुर्की से सेब आयात होने के कारण हिमाचल प्रदेश के बागवानों को सेब का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि हाल ही के भारत–पाकिस्तान संघर्ष में तुर्की ने जिस प्रकार पाकिस्तान का साथ दिया है उससे अब देश में तुर्की से सेब आयात को बंद किया जाना चाहिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजधानी शिमला से सरकारी दफ्तरों को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने के मामले में कहा कि राजधानी में बढ़ती भीड़ को देखते हुए अभी और सरकारी दफ्तरों को शिफ्ट किया जा सकता है जबकि विभागों को स्थानांतरित करने कि अभी कोई योजना नहीं है।

विकसित कृषि अभियान

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान इस महीने की 29 तारीख से शुरू होगा और 12 जून तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को कृषि संबंधी उन्न त तकनीकों और बीजों के बारे में जानकारी प्रदान कराना है। नई दिल्ली् में एक संवाददाता सम्मेलन में शिवराज सिंह चौहान ने कहा देशभर के 723 जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा और इससे लगभग डेढ़ करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों का एक दल लगभग 65 हजार गांव में जाएगा और किसानों को वैज्ञानिक कृषि की व्या्वहारिक जानकारी देगा। जिला स्तगर पर प्रत्येक दल प्रतिदिन तीन बैठकें करेगा।   केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यगवस्थां का आधार है और देश की लगभग आधी आबादी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है तथा कृषि क्षेत्र देश की खाद्य सुरक्षा की नींव है।

विक्रमादित्य सिंह

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण– 4 के तहत बनने वाली सड़कों की अपग्रेडेशन का काम तेजी से चल रहा है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि डिविजन स्तर पर सख्त निर्देश दिए गए हैं कि समय अवधि के भीतर काम पूरा किया जाए और बिना वजह काम में देरी होने पर कार्रवाई की जाएगी। लोकनिर्मासा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में डीपीआर बनाने और नारेडा पोर्टल पर हिमाचल देश में टॉप पर है, लेकिन सड़कें न बनने का कारण इसमें सबसे बड़ी बाधा भूमि अधिग्रहण की है। उन्होंने लोगों से सड़कों के निर्माण में जमीन की गिफ्ट डीड विभाग को देने में सहयोग करने का आग्रह किया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि विभाग पंचायती राज विभाग के साथ साझा रूप से काम करने के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष बात रखेंगे ताकि भूमि अधिग्रहण तेजी से किया जा सके।

प्रदर्शनी

केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय, द्वारा शिमला के रिज़ मैदान पर 'एकता' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। आज शुरू हुई इस प्रदर्शनी का शुभारम्भ मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने किया। 26 मई तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में देश भर के स्वयं सहायता समूहों व उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादो के 70 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए हैं। इस दौरान प्रबोध सक्सेना ने कहा कि टेक्सटाइल मंत्रालय के द्वारा इस तरह का आयोजन करवाना काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि शिमला सहित देश–विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए ये प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रहेगी और वे यहां देश के अलग अलग राज्यों की कृतियों को खरीद सकेंगे।